>

Title: Need to grant ownership of Government accommodation to the Government employees after their retirement.

श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल): महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान सरकारी कर्मचारियों के आवास की समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। सेवानिवृत्ति के समय कर्मचारी को सबसे ज्यादा समस्या और चिंता आवास को लेकर रहती है, क्योंकि जिस परिसर में वह रह रहा होता है, उसके बच्चे वहीं आस-पास शैक्षणिक संस्थाओं आदि में शिक्षा ग्रहण करते हैं। इस कारण उनकी चिंता और बढ़ जाती है। इससे भी ज्यादा उसका रहने का पता जैसे राशन कार्ड, वोटर आई कार्ड व अन्य सुविधाएं उसी पते पर होती हैं। सेवानिवृत्ति के समय कर्मचारियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं को देखते हुए सरकारी कर्मचारी को मकान का मालिकाना हक देना चाहिए।

महोदया, मेरा सरकार से अनुरोध है कि सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय उन्हें मकान का मालिकाना अधिकार देने हेतु आवश्यक कार्यवाही करे।

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): महोदया, मैं अपने आपको श्री सतपाल महाराज द्वारा उठाए गए विषय से संबद्ध करना चाहता हूं।

19.45 hrs (Dr. M. Thambidurai *in the Chair*)